तापमान

अधिकतम 34.1 डिग्री
न्यूनतम 12.8 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

**रोहतक**, रविवार, 23 मार्च 2025



12 वार्षिक उत्सव में छात्रों ने जमकर मचाया धमाल





12 पानी के महत्व व संरक्षण को लेकर छात्रों को किया जागरूक




## खबर संक्षेप

### दूसरी मंजिल से मजदूर गिरा, अस्पताल में मौत

**यमुनानगर।** मॉडल कॉलोनी में बिल्डिंग के कंस्ट्रक्शन का काम करते हुए एक मजदूर दूसरी मंजिल से नीचे गिर गया। गंभीर हालत में उसे पीजीआई ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने ठेकेदार पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। महादेव कॉलोनी निवासी शिल्पा ने पुलिस को बताया कि उसका भाई अंकुश उर्फ शुभम संजय बक्शी ठेकेदार के पास मजदूरी का काम करता था। संजय ने इन दिनों मॉडल कॉलोनी में बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन का काम लिया हुआ था। जहां पर उसका भाई अंकुश भी काम कर रहा था।

### दुकान पर तीन बदमाशों ने की लूट की वारदात

**मुलाना।** बुड़ियो रोड पर स्थित एमएम कॉनफेटी नामक परचून की दुकान पर तीन बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया। एक बदमाश ने दुकानदार को पकड़ा तो दूसरे ने गल्ले में रखे 35 से 40 हजार रुपये लूटे और तीसरा मोटरसाइकिल पर सवार था। तीनों वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। दुकानदार रोहित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### ब्लैकमेल कर युवती के साथ दुष्कर्म का आरोप

**यमुनानगर।** शहर निवासी युवती ने युवक पर उसे ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। 25 वर्षीय युवती ने पुलिस को बताया कि उसकी अजय नामक युवक के साथ जान पहचान थी। इस दौरान आरोपी ने चोरी छिपे उसकी वीडियो बना ली। इसके बाद आरोपी ने वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। आरोपी ने उसे मिलने के लिए बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। उसने आरोपी को मना किया तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी।

### कृषि उपकरण चोरी करने का आरोपी काबू

**बापौली।** थाना बापौली पुलिस ने अतौलापुर गांव में घेर से कृषि उपकरण सुपर सीडर चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान साहिल निवासी अतौलापुर के रूप में हुई। सोमपाल निवासी अतौलापुर ने पुलिस को बताया था कि उसने गेंहू की बिजाई के बाद अपना कृषि उपकरण सुपर सीडर रोशन के घेर में खड़ा किया था। गत 20 मार्च को उसने घेर में जाकर देखा सुपर सीडर नहीं मिला।

### अवैध मिट्टी से भरा ट्रक जांच के बाद सीज किया

**पानीपत।** जिला खनन अधिकारी निरंजन सिंह ने बताया कि रिफाइनरी के नजदीक एक ट्रक को अवैध रूप से मिट्टी से भरा हुआ पाया। वहीं ट्रक चालक ट्रक को छोड़कर फरार हो गया।

## कृषि मंत्री ने रादौर में आयोजित कार्यक्रम में लिया भाग

# न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसल खरीद में हरियाणा देशभर में नंबर वन : राणा

### आयोजकों ने कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा का स्वागत किया

- किसानों की आय दोगुनी करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही भाजपा सरकार : कृषि मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि हरियाणा देश का पहला राज्य है जहां सबसे अधिक फसलों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी)पर की जा रही है। उन्होंने यह बात यमुनानगर जिले के रादौर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए कहे। मौके पर आयोजकों ने कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा का स्वागत किया।

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश की अनाज मंडियों में एक अप्रैल से जहां गेहूं की खरीद शुरु हो जाएगी। वहीं, मंडियों में सरसों की फसल की खरीद का शुभारंभ भी हो चुका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर की अनाज मंडियों में किसानों, व्यापारियों और श्रमिकों के लिए उचित सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए जा चुके हैं। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों की समस्याओं के समाधान और उनकी आय दोगुनी करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में सरकार किसानों के हितों की रक्षा कर रही है। सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की समय पर घोषणा करना इस बात का प्रमाण है कि सरकार किसानों को प्राथमिकता दे रही है।



**यमुनानगर।** रादौर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने आए कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा का स्वागत करते हुए आयोजक। *फोटो : हरिभूमि*

**जल संरक्षण करें**

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने किसानों से जल संरक्षण करने, फसल विविधीकरण अपनाए जाने, पर्यावरण की रक्षा करें और पराली नहीं जलाने की अपील की। उन्होंने किसानों को जल गहन फसलों की जगह मोटे अनाज अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सरकार इस संबंध में हर संभव सहायता प्रदान करेगी। उन्होंने बताया कि धान छोड़ने वाले किसानों को अब सरकार ने आठ हजार रुपये प्रित एकड़ अनुदान राशि दिए जाने का प्रावधान किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों समेत सभी वर्गों के हितों के लिए कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार सास और दामाद की मौत

**बापौली।** क्षेत्र के गांव शिमला गुजरान के पास एक इको गाड़ी की बाइक से टक्कर में बाइक सवार सास व दामाद की मौत हो गई। जबकि हादसे के बाद आरोपी मौके पर अपनी गाड़ी छोड़ फरार हो गया।

- सास को बाइक पर शामली छोड़ने जा रहा था हक्कम

बापौली थाना पुलिस को दी शिकायत के अनुसार साहीरा गांव नामुंडा की रहने वाली है तथा तीन बेटों की मां है। उसकी 60 वर्षीय मां सकूलत निवासी इस्सापुर खुरगान, जिला शामली यूपी 15 दिन से उसके पास रह रही थी। वहीं 21 मार्च को उसका पति 42 वर्षीय हक्कम अली उसकी मां सकूलत को छोडने शामली जा रहा था। दोनों बाइक पर सवार थे।

रास्ते में जब वे गांव शिमला गुजरान के पास पहुंचे तो यहां एक सामने से एक तेज रफ्तार इको गाड़ी आई। जिसने उनकी बाइक को सीधी टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर जुटे राहगीरों ने दोनों को एक निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां कुछ देर बाद इलाज के बाद दोनों की मौत हो गई। वहीं हादसे के बाद आरोपी कुछ दूरी पर अपनी गाड़ी छोडक़र फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# पानीपत में प्रेमी ही बना प्रेमिका का हत्यारा

- महिला ने लव मैरिज के बाद भी बनाया एक अन्य प्रेमी
- पांच वर्षीय बेटी ने अपने पिता को दी वारदात की सूचना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत में शुक्रवार रात को एक युवक ने अपनी प्रेमिका की गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद वह महिला के शव को कंबल से ढंककर भाग गया। हत्या से पहले युवक ने महिला के साथ मारपीट की थी। यह पूरा वाकया महिला की 5 वर्षीय बेटी ने खिडक़ी के पीछे छिपकर देखा। बेटी ने वारदात की सूचना अपने पिता को दी।

महिला के पति का कहना है कि जिस युवक के बारे में उसकी बेटी बता रही है, वह उसे जानता भी नहीं। वह पीठ पीछे घर में आता रहा होगा। उसने महिला के साथ लव मैरिज की थी। दोनों पहले से तलाकशुदा थे। पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। सेक्टर 29 थाना प्रभारी सुभाष के अनुसार शुक्रवार रात को सूचना मिली कि जोगिंदर कॉलोनी में एक महिला की हत्या कर दी गई है। महिला की 5 वर्षीय बेटी रिया का कहना है कि उसकी मां को राहुल नाम के युवक ने मारा है जो उसके घर अक्सर आता-जाता रहता था। वह शुक्रवार रात को भी घर आया था। उस वक्त बबलू घर पर नहीं था। उनकी अनुपस्थिति में राहुल ने रानी से झगड़ा किया। उन्हें झगड़ता देख रिया डर गई और खिडक़ी के पीछे जाकर छिप गई।

इसी बीच राहुल ने रानी का गला दबा दिया। कुछ देर बाद रानी की मौत हो गई। महिला की पहचान 29 वर्षीय रानी के रूप में हुई है। वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के जैतपुर की रहने वाली थी। वहीं आरोपी भी उत्तर प्रदेश के गोंडा का रहने वाला है। मृतका रानी के पति बबलू ने बताया है कि करीब ढाई साल पहले वह एक फैक्ट्री में मास्टर था। वहीं रानी मजदूरी करती थी। दोनों ने प्रेम विवाह कर लिया था।

**आरोपी की तलाश**

रानी और बबलू ने करीब 2 साल पहले प्रेम विवाह कर लिया था। इसके बाद बबलू ऑटो चलाने लगा। तब से वह रानी को ज्यादा समय नहीं दे पा रहा था। बबलू का कहना है कि उसकी बेटी बता रही है कि कोई युवक उसके घर में आता था। हालांकि वह उस युवक से कभी नहीं मिला। हो सकता है कि उसी ने पत्नी को मारा हो। वहीं पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# यमुना में बहे दो छात्रों का दूसरे दिन भी सुराग नहीं

- पुलिस टीम गोताखोरों की सहायता से पानी में डूबे छात्रों की तलाश में दिन भर जुटी रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पश्चिमी यमुना नहर में बाड़ी माजरा पुल के पास पानी में बहे दो छात्रों का दूसरे दिन भी कोई सुराग नहीं लग पाया।

पुलिस टीम गोताखोरों की सहायता से छात्रों की तलाश में दिनभर जुटी रही। इस दौरान छात्रों के परिजन भी अपने स्तर पर उनकी तलाश करते रहे। थाना प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि शनिवार को पुलिस टीम गोताखोरों की सहायता से पानी में बहे छात्रों की तलाश में दिन भर जुटी रही। इस दौरान पुलिस टीम ने गोताखोरों के साथ बाड़ी माजरा पुल के पास सर्च अभियान चलाया। मगर दोनों छात्रों का कुछ भी सुराग नहीं लग पाया। उधर दोनों छात्रों के परिजन पश्चिम यमुना नहर पर अन्य स्थानों पर उनकी तलाश में करते रहे।

## दुकान में लूट करने के तीन आरोपी काबू

**पानीपत।** पुलिस ने सतकरतार कॉलोनी स्थित प्रिंटिंग प्रेस की दुकान में घुसकर युवक से मारपीट व लूटपाट करने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान साहिल उर्फ काकू व गौरव उर्फ पिडी निवासी किशनपुरा व सुमित निवासी आजाद नगर के रूप में हुई। आरोपियों ने मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके अपने साथी रणजीत निवासी न्यू क्रांति नगर व अमन निवासी बुड़शाम व फरार अन्य साथी आरोपियों के साथ मिलकर उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा।

# हत्यारोपी ने पुलिस पर गोली चलाई, जवाबी फायरिंग में घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

- आरोपी ने मोबाइल की बजाए गड्ढे में पिस्तौल दबा रखी थी

गांव खरकाली में एक हत्या आरोपी मुजरिम ने पुलिस टीम पर गोली चला दी जिसमें पुलिस ने भी जवाबी फायर किया और इस फायरिंग में बदमाश घायल हो गया। बता दें कि शुक्रवार देर रात गुरुग्राम पुलिस हत्या के आरोप में गिरफ्तार किए गए टेक चंद नामक बदमाश को लेकर घरौंडा पहुंची थी। पुलिस पूछताछ में बदमाश ने घरौंडा के खरकाली रोड से लगती खाली जमीन में मोबाइल छिपा कर रखने की बात कबूली थी। बदमाश की निशानदेही पर गुरुग्राम सीआईए की टीम हत्यारे को लेकर मोबाइल रिकवर करने पहुंची ।सब इंस्पेक्टर अरुण ने बताया कि आरोपी ने पुलिस को चकमा दिया। उसने मोबाइल की बजाए गड्ढे में पिस्तौल दबा रखी थी । बदमाश ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी बदमाश पर गोली चला दी जोकि उसके पैर में लगी जिससे वह घायल हो गया।

# अध्यापकों के सामने भी चुनौतियां : देवव्रत

- गुरुकुल शिक्षा उत्सव के तीसरे दिन 7वीं कक्षा के लिए परीक्षा में दो हजार से अधिक छात्र बैठे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गुरुकुल कुरुक्षेत्र सहित गुरुकुल ज्योतिसर, गुरुकुल नीलोखेड़ी एवं आर्यकुलम् नीलोखेड़ी हेतु चल रही प्रवेश परीक्षाओं में भारी संख्या में अभिभावक और छात्र पहुंच रहे हैं।

गुरुकुल शिक्षा उत्सव के तीसरे दिन 7वीं कक्षा हेतु परीक्षा ली गई जिसमें दो हजार से अधिक छात्रों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि गुरुकुल कुरुक्षेत्र में उन्होंने लगभग 40 वर्षों तक प्राचार्य पद पर कार्य किया। अभिभावकों के साथ-साथ अध्यापकों के सामने भी आज अनेक चुनौतियां हैं।

बच्चों में संस्कारों का अभाव, दूषित होते वातावरण और खानपान के दुष्प्रभाव स्पष्ट नजर आते हैं, यही कारण है कि प्रत्येक अभिभावक गुरुकुलों में अपने बच्चों को प्रवेश दिलाना चाहता है।

अभिभावकों की आशा के अनुरूप उन्होंने गुरुकुल कुरुक्षेत्र के तर्ज पर गुरुकुल नीलोखेड़ी, आर्यकुलम् और गुरुकुल ज्योतिसर आरम्भ किये, ये सभी संस्थान वर्तमान में हरियाणा में न. 1 और नं 2 स्थान पर है।




**कुरुक्षेत्र।** समारोह में मौजूद गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत व अन्य।

## चार दिवसीय रत्नावली युवा सांग महोत्सव जारी

# सांग लोकप्रिय नाट्य पारंपरिक शैली

- युवा वर्ग, बुजुर्गों व महिलाओं ने सांग का भरपूर आनंद उठाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

युवा एवं सांस्कृतिक विभाग, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के सौजन्य से इन्दिरा गाँधी नेशनल कॉलेज, लाडवा द्वारा चार दिवसीय रत्नावली युवा सांग महोत्सव के दूसरे दिन युवा वर्ग, बुजुर्गों व महिलाओं ने सांग का भरपूर आनंद उठाया। समारोह में रमन कुमार, वरिष्ठ अधिवक्ता, जिला न्यायलय करनाल मुख्यातिथि रहे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में रोजी रानी इंस्पेक्टर, आई.टी.बी.पी. नई दिल्ली रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ. कुशल पाल ने की। युवा एवं सांस्कृतिक विभाग, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के निदेशक प्राफेसर विवेक चावला और विभागीय सदस्य हरविन्द्र राणा भी रत्नावली युवा सांग महोत्सव के निरिक्षण के लिए ग्राम बुढा में पहुँचे। ज्ञान की देवी माँ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारम्भ हुआ। हरविन्द्र राणा ने बम लहरी भोले का एक मधुर भजन गाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। मुख्यातिथि रमन कुमार ने सांग के बारे में युवा वर्ग को परिचित करवाते हुए कहा कि सांग हरियाणा का एक लोकप्रिय लोक नृत्य, रंगमंच रूप और कहानी कहने की एक पारंपरिक शैली है। सांग में गीत और संवाद के साथ उपयुक्त नाटकीयता शामिल होती है। विशिष्ट अतिथि रोजी रानी ने कॉलेज परिवार को रत्नावली युवा सांग महोत्सव के आयोजन करवाने की जिम्मेदारी को सफल बनाने की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सांग तो हमारे हरियाणा में बहुत प्रसिद्ध है।

प्रोफेसर विवेक चावला, निदेशक, युवा एवं सांस्कृतिक विभाग, के.यू.के. ने बताया कि यह विश्वविद्यालय द्वारा हरियाणा सांग को बचाने के लिए एक कदम उठाया गया था और आज यह सफल होता दिखाई दे है क्योंकि कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा ही हरियाणवी सांग को प्रस्तुत किया जाता है, जो कि अपने आप में ही एक उपलब्धि है।



**लाडवा।** कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्यतिथि रमन कुमार।




**खबर संक्षेप**



## प्रभात फेरी में भजनों पर जमकर झूमे श्रद्धालु

**यमुनानगर।** श्री गीता प्रचार समिति के तत्वावधान में शनिवार को नगर में राम नवमी के उपलक्ष में प्रभातफेरी का आयोजन किया गया। प्रभातफेरी के दौरान प्रस्तुत किए गए भजनों पर श्रद्धालुओं ने झूमकर खूब आनंद लिया। समिति के अध्यक्ष सुभाष सेठी ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रभात फेरी का आयोजन किया जा रहा है। जो दो मार्च से शुरू होकर दो अप्रैल तक जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि शनिवार को सिटी कॉलोनी के निवासियों के द्वारा जगह जगह प्रभात फेरी का स्वागत किया गया तथा पुष्प वर्षा की गई। प्रभात फेरी में श्रद्धालु भजन कीर्तन करते हुए चल रहे थे। उन्होंने बताया कि प्रभातफेरी गीता मंदिर से शुरु होकर अनूप गर्ग के निवास स्थान पर संपन्न हुई। जहां पर आरती करके प्रभात फेरी को विश्राम दिया गया तथा बाद में प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर जय सिटी खेड़ा एवं शिव मंदिर के प्रधान विनोद गुप्ता,दिनेश चंद्र सिंगल ,राकेश सिंगला, दीपक अग्रवाल, सुभाष बत्रा, राहुल बत्रा व बलकार सैनी इत्यादि सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधित, गणमान्य व्यक्ति व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### अवैध खनन एवं परिवहन रोकने को जिला प्रशासन प्रतिबद्ध : गुप्ता

# 13 वाहनों के काटे चालान, तीन को किया सीज, 39 लाख किया जुर्माना

आरटीए व जिला प्रशासन की संयुक्त टीमों ने जांचे 2395 वाहन, छछरौली में 1507 जगाधरी में 315, रादौर में 391 और व्यासपुर की टीम ने 182 वाहनों को जांचा




यमुनानगर। बीती रात चैकिंग के दौरान खनिज वाहन का चालान करती जिला प्रशासन की संयुक्त टीम। फोटो : हरिभूमि।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार खनन विभाग यमुनानगर द्वारा अवैध खनन एवं परिवहन पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। बीती रात चैकिंग के दौरान जिला प्रशासन व खनन विभाग द्वारा 2395 वाहनों की चैकिंग के दौरान 3 वाहन सीज किए गए तथा 13 वाहनों के चालान कर 39 लाख 8 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। उक्त जानकारी उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने दी।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश में अवैध खनन करने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए अलग अलग स्तर पर टीमों का गठन करते हुए मॉनिटरिंग की जा रही है।

### अवैध खनन, परिवहन रोकने के प्रयास जारी

उन्होंने कहा कि जिले में अवैध खनन एवं परिवहन को रोकने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है और समुचित प्रयास निरंतर जारी हैं। उन्होंने बताया कि चैकिंग अभियान के तहत एसडीएम छछरौली की टीमों द्वारा 1507 वाहनों की चैकिंग की गई। इस दौरान आरटीए विभाग द्वारा दो वाहन सीज कर 8 लाख 52 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसी प्रकार एसडीएम जगाधरी की टीमों द्वारा 315 वाहनों की चैकिंग के दौरान 10 वाहनों का चालान कर 25 लाख 65 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। उन्होंने बताया कि एसडीएम रादौर की टीमों द्वारा 391 वाहनों की चैकिंग के दौरान 3 वाहनों का चालान कर 65 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसी प्रकार एसडीएम व्यासपुर की टीम द्वारा 182 वाहनों की चैकिंग के दौरान एक वाहन सीज कर 4 लाख 26 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। अवैध परिवहन और खनन जिले में कहीं भी नहीं होने दिया जाएगा। फिर चाहे ऐसा करने वाला कोई आम आदमी हो या कोई प्रभावशाली व्यक्ति। सभी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### दिन-रात चेकिंग

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि जिला के सभी एसडीएम, पुलिस विभाग व खनन विभाग के अधिकारियों द्वारा दिन रात चैकिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि यमुनानगर जिला से निकल रही यमुना नदी सहित अन्य स्थानों पर अवैध खनन रोकने व बिना ई.रवाना बिल के निकलने वाले खनिज वाहनों पर पूरी संजीदगी के साथ मॉनिटरिंग की जा रही है। जिला में दिन रात जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त टीमें जहां सड़कों पर बिना ई.रवाना बिल के खनिज वाहनों की जांच कर रही हैं। वहीं नियमों की अवहेलना करने वालों पर कार्रवाई भी सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस मामले में किसी प्रकार की कोताही को किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लापरवाही पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई होगी।



यमुनानगर। प्रतापनगर पीएमश्री विद्यालय में आयोजित वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में पुरस्कृत हुए बच्चे खुशी जताते हुए। फोटो : हरिभूमि।

## पीएमश्री स्कूल में सम्मान समारोह मेधावी बच्चों को किया सम्मानित

- कार्यक्रम में बीईओ अशोक राणा विशेष रूप से हुए शामिल
- बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मोहा सभी का मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले के प्रतापनगर स्थित पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ विद्यालय में मेधावी बच्चों के लिए वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्यातिथि के रुप में प्रतापनगर के खंड शिक्षा अधिकारी अशोक राणा ने भाग लिया। मौके पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या गीता खन्ना ने की।

समारोह के शुभारंभ पर विद्यार्थियों ने नृत्य, संगीत, रागिनी, कविता व नाटक प्रस्तुत कर सभी को भाव विभोर कर दिया। इस दौरान मुख्यातिथि एवं खंड शिक्षा अधिकारी अशोक राणा ने विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले, अपनी कक्षाओं में अच्छे अंक हासिल करने वाले सभी मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि पुरस्कार केवल एक मान्यता है। असली पुरुस्कार तो ज्ञान और कौशल का विकास है। मौके पर उन्होंने विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। प्रधानाचार्या गीता खन्ना ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्या गीता खन्ना ने कहा कि हम अपने विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर बहुत गर्व करते हैं। यह पुरस्कार वितरण समारोह उनकी मेहनत व लगन का प्रतीक है। इस अवसर पर ममता धीमान, चेतन वालिया, तेजपाल वालिया, अनुज गर्ग ,आशीष अग्रवाल इत्यादि मौजूद रहे।

## पौधरोपण कर पर्यावरण को स्वच्छ रखना हम सभी की जिम्मेदारी : एसके जिंदल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



- ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट नाचरौन में मनाया विश्व वानिकी दिवस

ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी नाचरौन(रादौर) में शनिवार को विश्व वानिकी दिवस पर पौधरोपण किया। विद्यार्थियों व स्टॉफ सदस्यों और शिक्षकों ने पर्यावरण संरक्षण और वन संसाधनों के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए पौधारोपण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक डॉ. लक्ष्य अग्रवाल ने किया। एक्टिविटी कॉर्डिनेटर हरप्रीत कौर मौजूद रही।

संस्थान चेयरमैन सीए एसके जिंदल ने बताया कि पौधारोपण का उद्देश्य छात्रों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करते हुए उन्हें अपनी नैतिक जिम्मेदारियों से रुबरु कराना भी रहा। हमें अधिक से अधिक पौधरोपण करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को विश्व वानिकी दिवस के महत्व को बताया। संस्थान निदेशक डॉ लक्ष्य अग्रवाल ने छात्रों के इस प्रयास को सराहा और छात्रों को पर्यावरण से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए अग्रसर किया।उन्होंने अपने संबोधन में वन संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि वृक्षारोपण और पर्यावरण की सुरक्षा हम सभी का कर्तव्य है। हमें अपने जीवन में 'यादा से 'यादा पेड़ लगाकर पृथ्वी को हरित और स्वस्थ बनाना होगा। एक्टिविटी कॉर्डिनेटर हरप्रीत कौर ने विद्यार्थियों को समझाया कि धर्मशास्त्रों में वृक्षारोपण को पुण्य का काम बताया।



### निःशुल्क शिविर में 165 लोगों का स्वास्थ्य जांचा

**रादौर।** नवीन जिन्दल फाउंडेशन ने गांव रामनगर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर में 165 ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांची व मुफ्त दवाइयां भी दी गई। सांसद के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। फाउंडेशन के माध्यम से कुरुक्षेक्ष संसदीय क्षेत्र में स्वास्थ्य अभियान के तहत गांव गांव में मोबाइल मेडिकल यूनिट स्वास्थ्य सेवाएं दे रही हैं। मोबाइल मेडिकल युनिट में मौके पर ही ब्लड टेस्ट व यूरिन टेस्ट की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। इसी के तहत गांव राम नगर में आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में चिकित्सकों द्वारा 165 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें दवाइयां भी निःशुल्क वितरित की गई। मौके पर 23 लोगों के ब्लड व यूरिन टेस्ट किए गए। उन्होंने बताया कि सांसद नवीन जिंदल स्वस्थ कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र अभियान के तहत संसदीय क्षेत्र के प्रत्येक व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए प्रयासरत हैं।

## समाज में खुशियां फैलाना ही हम सब की सबसे बड़ी जिम्मेदारी: संजीव

- जेएमआईटी कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया साक्षी बालकुंज का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



यमुनानगर। जेएमआईटी कॉलेज के विद्यार्थी साक्षी बाल कुंज का भ्रमण करते हुए।

जेएमआईटी कॉलेज में शनिवार को वर्ल्ड हैप्पीनेस डे के अवसर पर साक्षी बाल कुंज लाडवा का भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने खुशी के अनमोल पल सांझा किए।

कॉलेज प्रधान निशा रहेजा व सदस्यों ने अनाथालय के बच्चों के साथ विभिन्न गतिविधियाँ कीं। जिसमें खेलकूद प्रतियोगिताएं व संगीत शामिल रहें। निदेशक डॉ. संजीव कुमार गर्ग ने कहा कि हमारा उद्देश्य इन बच्चों के जीवन में कुछ खुशहाल पल जोड़ना है। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हम इस खास दिन को इनके साथ मना पाए। समाज में खुशियां फैलाना ही हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। अनाथालय प्रशासन ने क्लब के प्रयासों को सराहा। इससे साबित होता है कि छोटी छोटी कोशिशें से बड़ा बदलाव ला सकती हैं।

## साइबर ठगों ने काम का झांसा दे प्रॉपर्टी डीलर से 6.13 लाख ठगे

**यमुनानगर।** साइबर ठगों ने शहर की रघुनाथ पुरी कॉलोनी लालद्वारा निवासी प्रॉपर्टी डीलर शिवम से ऑनलाइन काम करने का झांसा देकर छह लाख 13 हजार रुपये ठग लिए। ठगी का पता चला चलने पर साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शिवम ने साइबर पुलिस को बताया कि 17 जनवरी को उसके व्हाट्सएप पर मैसेज आया। मैसेज ऊषा नाम की महिला ने किया था। उसने उसे ऑनलाइन काम करने का झांसा देकर टेलीग्राम ग्रुप से जोड़ा। जहां अंजलि नाम की महिला उसे मिली व उसे टेलीग्राम पर पावर रिव्यू नाम के ग्रुप से जोड़ा। उससे रजिस्ट्रेशन के नाम पर 10 हजार रुपये मांगे। जो उसने अकाउंट में डाल दिए। टास्क पूरा करने के नाम पर फिर पैसे मांगे। शिवम ने बताया कि इस दौरान आरोपियों ने टास्क पूरा करने के नाम पर उसे 6 लाख 13 हजार रुपये ले लिए। जब वह अपने प्रॉफिट के पैसे निकालने लगा तो उसके प्रॉफिट के पैसे नहीं निकले।

## आपसी रंजिश में हमला कर घर पर बरसाएं पत्थर जाते समय फायरिंग करने का भी लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- खेत से सरसों काटने की शिकायत पर विवाद

गांव जयरामपुर में रंजिश के चलते दर्जन भर युवकों ने एक घर पर पत्थरों से हमला कर दिया। इस दौरान आरोपियों पर फायर करने का भी आरोप है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद 11 आरोपियों को नामजद करते हुए केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

गांव जयरामपुर निवासी नितिन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने अपने खेतों में सरसों की कटाई की हुई है। रात को वह अपने पड़ोसी अनिल के साथ खेतों में घूमने के लिए गया। उसके सरसों के खेत के पास एक ट्रैक्टर व सरसों निकालने की मशीन खड़ी थी। ट्रैक्टर पर गांव का ही राजीव बैठा था जबकि पदम मशीन के पास नीचे खड़ा था। इस दौरान वह वापस घर आ गए। उसने डायल 112 पर शिकायत दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस टीम ने आरोपी पदम व राजीव को समझने के बाद घर भेज दिया। इसके बाद पदम का उसके पिता राजपाल के पास फोन आया और कहा कि खेतों में पड़ी सरसों वह निकालेंगे। वह सरसों उनकी है। इसके बाद पदम ने उसके पिता को घर के बाहर आने की धमकी दी। फोन सुनने के बाद जब उसका पिता घर के बाहर आया तो गली में दर्जन भर युवक खड़े थे। आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने उनके घर पर पत्थरों से हमला कर दिया। एक युवक ने उन पर फायर भी किया। शोर सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी वहां से भाग गए। उसने बताया कि हमला करने वालों में उनके गांव का ही पदम, अभय, गौरव, अंशुल, प्रीत, अंकुश व लोहारीवाला निवासी शुभम, डेक्डीवाला निवासी आशु, गांव लक्कड़ निवासी शुभम, खदरी निवासी सचिन, सनौली निवासी सौरभ थे। जिसकी शिकायत पुलिस को दी तथा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज जांच शुरू कर दी।

## फैक्ट्री से लौट रहे व्यक्ति पर हमला, आधा दर्जन पर केस

- एक युवक ने लोहे की राड से रोकी बाइक, साथियों ने लाठी डंडों से कर दिया हमला

**यमुनानगर।** मानकपुर औद्योगिक क्षेत्र से बीती रात काम खत्म कर घर लौट रहे व्यक्ति पर आधा दर्जन युवकों ने डंडो व विंडो से हमला कर घायल कर दिया। परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां से उसे पीजीआई रेफर कर दिया। पुलिस ने आधा दर्जन अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव सुखदासपुर निवासी अमरपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मानकपुर स्थित प्रगति इंडस्ट्रीज फैक्ट्री में प्राइवेट नौकरी करता है। रात 11 बजे वह फैक्ट्री से छुट्टी करके बाइक पर अपने घर लौट रहा था। जब वह नहर की पटरी पर पहुंचा तो एक युवक ने उसकी बाइक के आगे लोहे की रोड अड़ा दी। इसके बाद उसने अपनी बाइक रोक ली। इस दौरान पांच युवक अपने हाथों में डंडे लेकर आए और उसे पर हमला कर दिया। इसके बाद आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए। उसकी पत्नी ने फोन कर घटना की जानकारी दी।

## टॉवर लाइट खराब होने से लोग परेशान शिकायतों के बाद भी समाधान नहीं

- बस स्टैंड के समक्ष एसके रोड़ पर लगी लाइटें लंबे समय से पड़ी हैं बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



रादौर। बस स्टेंड के बाहर बंद पड़ी टावर लाइटे। फोटो : हरिभूमि।

रादौर के बस स्टैंड के समक्ष एसके मार्ग पर लंबे समय से टावर लाइटें बंद पड़ी होने से लोग परेशान हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से टावर लाइटों को ठीक करवाए जाने की मांग की है।

कस्बा निवासी राजेश, कुलदीप, सोनू, परमजीत सिंह, राजीव व कुलवंत सिंह आदि ने बताया कि रादौर के बस स्टेंड के बाहर एसके रोड किनारे लगी टावर लाइटें पिछले लंबे समय से बंद पड़ी हैं। जिस कारण रात के समय बस स्टैंड व आसपास के इलाके में अंधेरा छाया रहता है। इस दौरान रात्रि के समय बस स्टैंड पर उतरने वाली सवारियों के साथ कोई वारदात होने की आशंका बनी रहती है। इस संबंध में कई बार संबंधित अधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है। मगर अभी तक टावर लाइटों को ठीक नहीं करवाया गया है। उन्होंने बताया कि रादौर में रोडवेज की ओर से वर्षो पहले नए बस स्टेंड का निर्माण किया गया था। बस स्टेंड के बाहर विभाग की ओर से टावर लाइट लगाई गई थी। जिस पर काफी लाइटे लगी हुई हैं। लेकिन लाइटे काफी समय से बंद पड़ी हुई हैं। उन्होंने तुरंत लाइटों को ठीक करवाए जाने की मांग की है।

### लाइटों के बारे में अधिकारियों को करवाया गया अवगत

बस स्टैंड रादौर प्रभारी सुनील कांबोज ने बताया कि टावर लाइटों को ठीक करवाए जाने को लेकर संबंधित अधिकारियों को लिखित में अवगत करवा दिया गया है। एक महीने से लाइटें बंद पड़ी हुई है। इन्हें जल्द ठीक करवा लिया जाएगा।

### डिजिटल डिस्प्ले देगा यात्रियों को बाल संरक्षण की जानकारी

# बस स्टैंड पर डिजिटल डिस्प्ले का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। बस स्टैंड परिसर में डिजिटल डिस्प्ले पैनल के शुभारंभ अवसर पर भाग लेते हुए मुख्यातिथि व अन्य अधिकारी। फोटो : हरिभूमि।

महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा बस स्टैंड यमुनानगर परिसर में डिजिटल डिस्प्ले पैनल का शुभारंभ किया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सृष्टि गुप्ता ने मुख्यातिथि के रुप में रिबन काटकर डिस्प्ले पैनल का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी तरविंदर कौर ने की।

मुख्यातिथि एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सृष्टि गुप्ता ने बस स्टैंड परिसर में डिजिटल डिस्प्ले पैनल का शुभारंभ किए जाने पर महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला बाल संरक्षम इकाई की सराहना की। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड परिसर में डिजिटल डिस्प्ले पैनल यात्रियों को बाल संरक्षण की जानकारी देगा। इस डिजिटल डिस्प्ले के माध्यम से मिशन वातसल्य के अंतर्गत स्कीमों जिनमे स्पोंसरशिप एडॉप्शन फोस्टर केयर, बाल अधिकार ,बाल संरक्षण किशोर न्याय पोक्सो अधिनियम की जानकारी दी जा रही है।

जो सराहनीय कदम है। मौके पर महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी तरविंदर कौर ने बताया की बच्चों के संरक्षण को लेकर जनसमान्य की जागरूकता के प्रयासों में डीजिटल डिस्प्ले स्थापित की गई है। इससे पहले जिला सचिवालय में नागरिकों को सीधे तौर पर बाल संरक्षण से संबन्धित स्कीमों की जानकारी के लिए डिजिटल डिस्प्ले लगाई गई थी।

मिशन वातसल्य के तहत शर्तों अनुसार आर्थिक रूप से कमजोर को आर्थिक सहयता दी जा रही है। निःसंतान दंपति केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण से गोद प्रक्रिया के लिए पंजीकृत किया जा रहा है। इसके अलावा बच्चों के साथ होने वाले अपराधों की रोकथाम और सतर्कता को लेकर किस प्रकार से सावधानी बरतनी चाहिए इन सभी विषयों की सही जानकारी डिजिटल डिस्प्ले पैनल के माधयम से ली जा सकती है।

मौके पर हरियाणा रोडवेज बस स्टैंड यमुनानगर के जीएम संजय रावन ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग का प्रयास सराहनीय है और इस प्रकार से जो डिजिटल डिस्प्ले लगाया गया है। उससे जनसामान्य को स्कीम की जानकारी सीधे तौर पर मिल सकती है। जिससे इसका लाभ आम लोगों को मिलेगा।

### सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता जरूरी

कार्यवाहक जिला बाल संरक्षण अधिकारी रंजन शर्मा ने बताया की विभाग की और से दी जा रही सुविधाओं का लाभ योग्य लाभार्थी को मिले और हर बच्चा संरक्षण चक्र में संरक्षित हो इसके लिए जनसामान्य को जागरूक किए जाने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर इस प्रकार के पैनल स्थापित किए जा रहे हैं। सार्वजनिक स्थानों पर आधुनिक माध्यम से जानकारी देने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने नागरिकों से बच्चों के संरक्षण में सहयोग किए जाने के लिए अपील की, ताकि लक्ष्यों को हासिल किया जा सके। मौके पर जिला बाल संरक्षण इकाई से संरक्षण अधिकारी प्रीति शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता गुरप्रीत,आउटरीच वर्कर मुकेश, गौरव, काउंसलर मनीष, डाटा एंट्री ऑपरेटर ललिता व रामपाल आदि मौजूद रहे।

## केशव पार्क में 1008 कुंडीय महायज्ञ के दौरान जबरदस्त हंगामा

# सुरक्षाकर्मियों व ब्राह्मणों में बासी खिचड़ी परोसने को लेकर विवाद, पार्क में लगे फ्लेक्सों को फाड़ा



### गुस्से में ब्राह्मणों ने केशव पार्क के सामने कुरुक्षेत्र-कैथल मार्ग पर लगाया जाम

### दुकानदारों ने दुकानें बंद की, इलाके में तनाव, पुलिस प्रशासन मुस्तैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र के केशव पार्क में 18 मार्च से चल रहे 1008 कुंडीय महायज्ञ के दौरान केशव पार्क में सामने धर्मशाला में सुबह खाना खा रहे ब्राह्मणों ने बदबू वाली बासी खिचड़ी परोसने को लेकर हंगामा कर दिया। खाने का विरोध करने पर भोजनालय में मौजूद एक निजी सुरक्षा कर्मी के साथ ब्राह्मणों की बहस हो गई। जिसमें एक सुरक्षा कर्मी ने गोली चला दी। इस घटना से गुस्साएं ब्राह्मण केशव पार्क के सामने कुरुक्षेत्र-कैथल मार्ग पर आ गए और सड़क पर जाम लगा दिया। हंगामे के बाद मौके पर नायब तहसीलदार परमजीत सिंह बतौर डयूटी मजिस्ट्रेट मौके पर पहुंचे। ब्राह्मणों ने केशव पार्क में लगे कई फलैक्सों को भी फाड़ दिया। सड़क के बीच में पत्थर रखकर जाम लगा दिया। उधर ब्राह्मणों के सड़क पर जाम लगाने के चलते केशव पार्क के सामने स्थित कुछ दुकानदारों ने सुबह दुकानें बंद कर दी। वही जाम के कारण वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कैथल से कुरुक्षेत्र की ओर जाने वाले वाहनों को जाट धर्मशाला के समीप से रूट डायर्वट कर निकाला गया जिस कारण ब्रह्मसरोवर के समीप अर्जुन चौक पर वाहनों की लंबी कतारे लग गई। जाम के कारण आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ा। मौके पर पहुंचे डीएसपी सुनील कुमार ने ब्राह्मणों को आश्वासन दिया कि गोली चलाने वाले व्यक्ति को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। डीएसपी द्वारा दिए गए आश्वासन के बाद ब्राह्मणों ने जाम खोल दिया।

### मामले की जांच की जा रही : डीएसपी

डीएसपी सुनील कुमार ने कहा कि जाम लगा रहे ब्राह्मणों को समझा-बुझाकर जाम खुलवा दिया है। उन्होंने ब्राह्मणों को आश्वासन दिया कि मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि तीन राउंड फायर किए गए है जिनमें एक आशीष नाम के युवक को गोली लगी है जोकि घायल है। मामले की जांच की जा रही है। गोली चलाने वाले व्यक्तियों की तलाश में सीआईए की टीमें लगी हुई है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने कारवाई शुरू कर दी है। जल्द ही दोषियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मौके पर मौजूद डयूटी मजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार परमजीत सिंह ने कहा कि मामले की जांच चल रही है। जाम को खुलवा दिया गया है।

## पूर्व राज्यमंत्री सुधा ने घायलों से पूछा कुशलक्षेम



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र के केशव पार्क में 18 मार्च से चल रहे 1008 कुंडीय महायज्ञ के दौरान फायरिंग में घायल हुए विद्वानजनों का कुशलक्षेम जानने हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा एलएनजेपी अस्पताल पहुंचे। सुभाष सुधा ने कहा कि इन दोनों घायल विद्वानजनों के उपचार का सारा खर्च वे स्वयं वहन करेंगे और किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा घायल विद्वानजनों का कुशलक्षेम पूछने के लिए अस्पताल पहुंचे। यहां पर उन्होंने गोली लगने से घायल विद्वानजन आशीष तिवारी और चोटिल विद्वानजन प्रिंस शुक्ला से बातचीत की और कहा कि उपचार में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी।

### भोजन की गुणवत्ता को जांचा

पूर्व राज्यमंत्री ने श्रद्धालुओं के लिए बनाए जा रहे भोजन की गुणवत्ता को भी चैक किया। इस दौरान उन्होंने सब्जियों, दाल व अन्य खादय पदार्थों की गुणवत्ता को खाकर चैक किया। उन्होंने कहा कि भोजन की गुणवत्ता सही है और खाने में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। इसके बावजूद उन्होंने भोजन बनाने वाले संचालकों को निरंतर भोजन की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि केशव पार्क में चल रहे 1008 कुंडीय जन कल्याण शिव शक्ति महायज्ञ अपने निर्धारित शैडयूल के अनुसार जारी रहेगा और रोजाना श्रद्घालु हवन यज्ञ में आहुति डालेंगे। उन्होंने श्रद्घालुओं से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में केशव पार्क में पहुंचे और विश्व कल्याण के लिए हवन यज्ञ में आहुति डाले।

### यज्ञ जारी रहेगा : स्वामी हरिओम दास

*यज्ञ सम्राट स्वामी हरिओम दास ने कहा कि मामले की जांच की जाएगी। कहा कि कुछ षडयंत्रकारी इस यज्ञ को नष्ट करना चाहते है। खाने को लेकर हुए विवाद पर स्वामी हरिओम दास ने कहा कि चार दिनों से धर्मशाला में अच्छे से अच्छा भंडारा दिया जा रहा है लेकिन अभी तक ऐसा नही हुआ। स्वामी हरिओम दास ने कहा कि यदि खाना गलत होता तो यज्ञशाला में बैठे सैंकड़ों ब्राह्मण यज्ञ नही कर रहे होते। शनिवार सुबह कुछ ब्राह्मणों ने बासी खाना देने की बात कही। यदि ऐसा था तो मुझ से आकर बातचीत की जाती, इस बारे भंडारा देने वालों से भी बातचीत की जाती। यज्ञ बारे स्वामी हरिओम दास ने कहा कि यह जारी रहेगा,।*

### घायलों से मिलने पहुंचे विधायक अरोड़ा

*कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र में चल रहे 1008 महाकुंडीय हवन में गोली चलने के कारण उपचाराधीन घायलों का विधायक अशोक अरोड़ा ने एलएनजेपी अस्पताल में पहुंचकर उनका कुशलक्षेम जाना। विधायक अशोक अरोड़ा ने ब्राह्मणों पर गोली चलाने और लाठियों से पीटने की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि दोषियों को तुरंत गिरफ्तार किया जाना चाहिए। विधायक अशोक अरोड़ा ने कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजन में ऐसी घटना घटित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बासी भोजन की शिकायत करने पर इस तरह से गोली चलाना, लाठी डंडों से पीटना व ईंटे बरसाना सरासर गलत है। आयोजकों द्वारा आसमाजिक तत्वों को शह देना ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि मामले में आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।*



कुरुक्षेत्र। शिविर में रक्तदान करते रक्तदाता।

## बलिदान दिवस पर 32 ने किया रक्तदान

कुरुक्षेत्र। स्वतंत्रता संग्राम के महानायक भगत सिंह राजगुरु एवं सुखदेव के बलिदान दिवस को समर्पित पिपली अनाज मंडी में 539 वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर 174 बार रक्तदान एवं 85 बार प्लेटलेट्स दान कर चुके, राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता शतकवीर डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा आयोजित किया गया। शिविर में समाजसेवी एवं पूर्व प्रधान अनाज मंडी पिपली राजीव गोयल मुख्यातिथि के रूप में पधारे हुए थे जबकि समाजसेवी नरेश सैनी ने शिविर की अध्यक्षता की। वर्ग अनुदेशक अनिल गर्ग, पूर्व प्रधान माम चंद मुकरपुर, दीपक गर्ग, सतपाल बंसल और विनोद गर्ग विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्यातिथि राजीव गोयल ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित करते हुए कहा कि रक्तदान महादान और पुण्य का कार्य है। नियमित रक्तदान से अनेक व्याधियों से छुटकारा मिलता है। समाजसेवी नरेश सैनी ने कहा कि रक्त का कोई अन्य विकल्प नहीं है। शिविर में गुरजिंद्र कौर, करनैल सिंह की अध्यक्षता में 32 इकाई रक्त संग्रह किया गया। मुख्यातिथि को तिरंगा भेंट कर सम्मानित किया गया तो दूसरी और 32 बार रक्तदान करने के लिए संतोष को भी सम्मानित किया। शिविर में इन्होंने रक्तदान कर भगत सिंह राजगुरु एवं सुखदेव को श्रद्धांजलि अर्पित की। शिविर में जयवीर, जितेन्द्र एलाबाधी, संजीव कुमार, रूबल, अनिल कुमार, अजायब सिंह, करनैल सिंह, सतपाल बंसल, मेहर चंद, संतोष, अजय कुमार, अशोक, साहिल करण सिंह, राज कुमार, राजीव कुमार, अमन, दीपक, रमेश कुमार, जितेन्द्र, अंकुश, राजेश, गौरव, प्रवीण कुमार, सचिन, कृष्ण लाल, भरत सिंह, रवि कांत, जसबीर सिंह, राहुल, करनैल सिंह, ऋषि पाल ने रक्तदान किया।

## अस्पतालों में डॉक्टर से परामर्श लेने का समय निर्धारित करने की बड़ी पहल : नेहा सिंह

- टोल फ्री नंबर डायल 104 की सुविधा की शुरूआत की

कुरुक्षेत्र। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार ने लोगों को ऑन लाईन नागरिक सेवाएं उपलब्ध करवाने की प्रतिबद्धता की कड़ी में हरियाणा स्वास्थ्य विभाग ने बडी पहल करते हुए डॉक्टर से मिलने का समय लेने के लिए टोल फ्री नंबर डायल 104 की सुविधा की शुरूआत की है। उपायुक्त ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित शिकायतों को भी इस पोर्टल पर दर्ज करवाया जा सकता है। शिकायतकर्ता से 5 दिन के अंदर-अंदर कॉल बैक की जाएगी। इस पोर्टल पर दवाइयों के बारे में जानकारी ली जा सकेगी। इसका मुख्य उद्देश्य नागरिक अस्पतालों में लोगों को लाईन में लगने से बचाना है। डायल 104 पर पहले से डॉक्टर से परामर्श लेने का समय लिया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि पहले से जारी ई-टेली मेडिसन सेवाओं को भी इसके साथ एकीकृत किया जाएगा।

## शिक्षा और संस्कार देकर विद्यार्थियों को बनाएं अच्छा नागरिक : सुरजीत कौर

- वार्षिकोत्सव नवरस में सराहनीय प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

जिला समाज कल्याण अधिकारी सुरजीत कौर ने कहा कि अच्छी शिक्षा और संस्कार देकर विद्यार्थी को अच्छा नागरिक बनाने का लक्ष्य हर शिक्षण संस्थान को निर्धारित करना होगा। जब शिक्षण संस्थान से अच्छा नागरिक तैयार होगा, तो निश्चित ही देश व प्रदेश विकास की राह पर तेज गति के साथ आगे बढ़ेगा। वे शनिवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ऑडोटोरियम हॉल में सेंट थॉमस कॉन्वेंट स्कूल के वार्षिक उत्सव नवरस में बोल रही थी। इससे पहले डीएसडब्लयूओ सुरजीत कौर, स्कूल की एमडी अंजली मरवाह, सब डायरैक्टर कार्तिकेय मरवाह, संदीप मारवाह, प्रधान अध्यापिका आरती सूरी, संचालिका रजनी जैन व पंकज अरोड़ा ने विधिवत वार्षिक उत्सव का शुभारंभ किया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि ने स्कूल की शैक्षणिक, खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में सराहनीय प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।



कुरुक्षेत्र। बच्चों को सम्मानित करते अतिथिगण।



## स्वस्थ समाज निर्माण के लिए चलाया जा रहा नि:शुल्क योग शिविर : आशुतोष गर्ग

शाहबाद। गीता विद्या मंदिर शाहाबाद मारकंडा में पिछले 9 महीने से निशुल्क योग शिविर लगाया जा रहा है। यह जानकारी विद्यालय के अध्यक्ष आशुतोष गर्ग ने दी। उन्होंने बताया कि इस शिविर का शुभारंभ जुलाई 2024 में प्रवीण गर्गशाहाबाद मारकंडा की सोच देश हमें देता है सब कुछ हम भी तो कुछ देना सीखें की विचारधारा की सोच के साथ शुरू हुआ था। विद्यालय में यह निशुल्क योग शिविर प्रतिदिन प्रात 5 बजे से 6 बजे तक लगाया जा रहा है जिसे योग ट्रेनर विक्रम सिंह चलाते हैं। संघ के विचार को अपनाते हुए देश हमें देता है सब कुछ हम भी तो कुछ देना सीखें ऐसी भावना को मध्य नजर रखते हुए विद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष आशुतोष गर्ग, प्रबंधक अमित अग्रवाल, सुरिंदर सैनी उप्पाध्यक्ष व प्रधानाचार्य निशा गोयल के सतत प्रयास से यह शिविर पिछले 9 महीने से विद्यालय में लगातार चल रहा है इसमें किसी भी उम्र, जाति, वर्ग के व्यक्ति भाग ले सकते हैं। प्रबंधक अमित अग्रवाल ने बताया कि विद्यालय अपनी तरफ से समाज के लिए यह निशुल्क योग शिविर चला रहा है।

## पत्रकारों की समस्याओं को दूर करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा : मलिक

- ऑल इंडिया पत्रकार एकता संघ की प्रदेश स्तरीय बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

ऑल इंडिया पत्रकार एकता संघ की प्रदेश स्तरीय एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी वालिया की अध्यक्षता में एवं प्रदेश उपाध्यक्ष देसराज भटनागर व राजकुमार वालिया के सानिध्य में प्रदेश कार्यालय कुरुक्षेत्र सेक्टर-17 नजदीक पुराना बस स्टैंड के पास संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम संघ पदाधिकारियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। इसके उपरांत सेक्टर-17 स्थित प्रदेश स्तरीय कार्यालय का विधिवत तरीके से शुभारंभ किया गया। नए कार्यालय में आयोजित बैठक में कार्यकारिणी का सर्वसममति से विस्तार किया गया। इस अवसर पर प्रदेश उपप्रधान देसराज भटनागर, मुख्य सलाहाकार राजकुमार वालिया, मुख्य संरक्षक दलबीर सिंह मलिक, संरक्षण सुशील शर्मा, जिला महासचिव गुलशन ग्रोवर ने सभी सदस्यों को नए प्रदेश कार्यालय के शुभारंभ पर बधाई व शुभकामनाएं दी और कहा कि नया कार्यालय खुलने से पत्रकार मीटिंग कर अपने समस्या रख सकेंगे।



कुरुक्षेत्र। प्रदेश कार्यालय में बैठक में भाग लेते ऑल इंडिया पत्रकार एकता संघ के सदस्य व अन्य।

## विधायक ने विस में उठाया पटियाला रोड की खस्ता हालत का मुद्दा

पिहोवा। कांग्रेस विधायक मनदीप चट्ठा ने विधानसभा में तीन राज्यों को जोड़ने वाले पटियाला रोड का मुद्दा उठाया है। इस सड़क को टूटे कई साल हो चुके हैं। लेकिन भाजपा के पार्ट वन और टू के बाद अब नायब सरकार में भी इस पर कोई काम नहीं हुआ। विधायक मनदीप चट्ठा ने कहा कि विधानसभा में आवाज उठाते हुए कहा कि पटियाला पिहोवा कुरुक्षेत्र यमुनानगर रोड पंजाब, हरियाणा और यूपी को जोड़ता है। पंजाब सीमा में देवीगढ़ से आगे ये बेहतर हालत में है। लेकिन गांव ट्यूकर से भट्ट माजरा तक हरियाणा की सीमा में इस सड़क की हालत बहुत खराब है। यह सड़क पिहोवा वासियों के लिए पंजाब जाने का और पंजाब से यात्रियों का पिहोवा आने जाने का मुख्य मार्ग है। गहरे खड्डों के कारण कई हादसे हो चुके हैं। जिनमें कई लोगों ने अपनी जान गंवाई हैं। इस सड़क पर गाड़ियों के एक्सेल टूट रहे हैं।



## लक्ष्य पाने के लिए दिन-रात मेहनत करें : नवीन जिन्दल

- कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के आईएमसीएमटी के छात्रों ने पोलो मैच का लिया आनंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

जीवन में सफलता के लिए मेहनत करने से घबराना नहीं चाहिए। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें और अधिक से अधिक खेलों में भाग लेकर देश का नाम रोशन करने का प्रयास करें। लक्ष्य पाने के लिए दिन-रात अथक मेहनत करें। उपरोक्त विचार सांसद नवीन जिन्दल ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन एंड मीडिया टेक्नोलॉजी के छात्रों से सांझा किए। छात्रों से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि जल्द ही कुरुक्षेत्र में भी पोलो के मैच कराएं जाएंगे। सांसद नवीन जिन्दल के मीडिया सलाहकार डॉ. राज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सांसद नवीन जिन्दल के प्रयासों से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इन्स्टीट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन एंड मीडिया टेक्नोलॉजी के छात्रों का एक दल संसद भवन का भ्रमण करने के लिए दिल्ली पहुंचा था।



## कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केंद्र में विश्व जल दिवस का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की जिला सलाहकार डेलिया बातिश ने कहा कि कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केन्द्र में विश्व जल दिवस का आयोजन किया गया। उन्होंने विश्व जल दिवस, जल संरक्षण व जल की गुणवत्ता के महत्त्व के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि विश्व जल दिवस 2025 के थीम ग्लेशियरों को बचाए। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की जिला सलाहकार डेलिया बातिश ने ग्लोबल वार्मिंग के दुष्प्रभाव और ऐसा न हो इसके उपाय के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि वनों की रक्षा करें ,पेड़ लगाएं ताकि ग्लोबल वार्मिंग न हो वरना पीने योग्य मीठे पानी के स्त्रोत ग्लेशियर पिघल कर खत्म होने लगेंगे और इससे बाढ़ आदि कई प्रकार के खतरे हो जाएंगे। ग्लेशियरों के पिघलने से सागर का जलस्तर बढ़ जाएगा और इससे समुद्री तट के नजदीक के इलाकों को भी भारी दिक्कत का सामना पड़ जाएगा।

**कार्यक्रम** कुवि में विश्व जल दिवस, 2025 के अवसर राष्ट्रीय संगोष्ठी का किया आयोजन

# जीवन के सभी क्षेत्रों में जल संवेदनशील व्यवहार करना जरूरी : प्रो. सोमनाथ सचदेवा

### मानवता के निर्वाह के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि हमें जीवन के सभी क्षेत्रों में जल संवेदनशील व्यवहार करना चाहिए। प्रत्येक वर्ष विश्व जल दिवस जल, स्वच्छता और आरोग्य से संबंधित एक विशिष्ट विषय पर केंद्रित होता है, जो सतत विकास लक्ष्य 6 (एसडीजी 6) के लक्ष्यों के साथ संरेखित होता है, जिसका उद्देश्य 2030 तक सभी के लिए जल और स्वच्छता की उपलब्धता और सतत प्रबंधन सुनिश्चित करना है। वे शनिवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के भूभौतिकी विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय जल विज्ञान संघ (आईएनसी एंड आईएएच) के भारतीय राष्ट्रीय अध्याय के सहयोग से विश्व जल दिवस, 2025 के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि इन विषयों ने वैश्विक अभियानों, शैक्षिक पहलों और नीति चर्चाओं का मार्गदर्शन किया है, जिससे जल से संबंधित चुनौतियों की गहरी समझ को बढ़ावा मिला है। अनुराग खन्ना, पूर्व सदस्य, सीजीडब्ल्यूबी और क्षेत्रीय निदेशक, एनडब्ल्यूआर-सीजीडब्ल्यूबी, चंडीगढ़ ने हरियाणा और पड़ोसी राज्यों में भूजल प्रबंधन में मुद्दों और चुनौतियों पर व्यापक रूप से जोर दिया और कृषि में कुशल सिंचाई विधियों के माध्यम से जल कुशल उपायों पर ध्यान बढ़ाने पर भी ध्यान केंद्रित किया क्योंकि हरियाणा भूजल संसाधनों की तेजी से कमी के लिए निरंतर चुनौतियों का सामना कर रहा है। कुवि विज्ञान संकाय के डीन डॉ. संजीव अरोड़ा ने मानवता के निर्वाह के लिए ऐसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर विचार-विमर्श करने पर प्रसन्नता व्यक्त की। भूभौतिकी विभाग के अध्यक्ष प्रो. बीएस चौधरी ने अतिथियों का स्वागत किया और कार्यशाला के विषय के बारे में जानकारी दी और विभाग की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यशाला की आयोजन सचिव डॉ. मनीषा संधू ने पूरे कार्यक्रम और पैनल चर्चा का समन्वयन और संचालन किया। डॉ. जगवीर सिंह सलाहकार/वैज्ञानिक जी, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, नई दिल्ली, प्रो. बलदेव सेतिया, एनआईटी कुरुक्षेत्र, डॉ. पीके मिश्रा, वैज्ञानिक एनआईएच, डॉ. चंद्रकांत ओझा, आईआईएसईआर मोहाली ने सतत आजीविका के लिए जल संसाधन संरक्षण और प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर विशेषज्ञ वार्ता की।



कुरुक्षेत्र। राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ करते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

### मीठे पानी की उपलब्धता के लिए ग्लेशियरों का संरक्षण जरूरी: प्रो. एस.के. गक्खड़

*मुख्य अतिथि हरियाणा उच्च शिक्षा परिषद के उपाध्यक्ष प्रोफेसर एसके गक्खड़ ने कहा कि मीठे पानी की उपलब्धता के लिए ग्लेशियरों के संरक्षण जरूरी है और स्थायी जल प्रबंधन आज की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण ग्लेशियरों के तेजी से पिघलने से जल आपूर्ति में कमी, जल चक्र बाधित, पानी की कमी में वृद्धि और पारिस्थितिकी तंत्रों को खतरा होगा। तेजी से पिघलने से पानी का तापमान और प्रवाह पैटर्न बदल जाता है, जिससे जलीय प्रजातियां और उनके आवास खतरे में पड़ जाते हैं। कुछ प्रजातियां जीवित रहने के लिए इतनी जल्दी अनुकूलन नहीं कर पाती हैं।*

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. दिनेश कुमार, प्रो. संजीव अरोड़ा, प्रो. बी.एस. चौधरी, प्रो. परमेश कुमार, डॉ. मनीषा संधू, डॉ. आरबीएस यादव, प्रो. एसपी कौशिक, प्रो. मुकेंदर कादयान, डॉ. दीपक बब्बर, डॉ. जितेंद्र खटकड़, प्रो. ओमवीर सिंह, डॉ. नरेश सागवाल, डॉ. ओमप्रकाश सहित विज्ञान संकाय के विभिन्न विभागों के डीन, अध्यक्ष, शिक्षक उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### खेल नर्सरियों के लिए मांगे आवेदन

**नारायणगढ़।** एसडीएम शाश्वत सांगवान ने कहा कि प्रदेश सरकार खेलों को बढावा देने के लिए विशेष कदम उठा रही है। उन्होंने बताया कि खेल नर्सरी योजना 2025-26 के अंतर्गत खेलों को बढावा देने के उद्देश्य से सरकारी, निजी शिक्षण संस्थाओं, पंचायत एवं निजी खेल संस्थानों से खेल नर्सरी स्थापित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि सरकार की योजना अनुसार केवल ओलंपिक, एशियन व कॉमनवेल्थ खेलों में सम्मिलित खेलों के लिए खेल नर्सरियां खोली जाएंगी। इच्छुक संस्थान खेल विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करें।

### एक ट्रैक्टर ट्रॉली को सीज किया

**नारायणगढ़।** जिला खनन अधिकारी गुरजीत सिंह द्वारा खनन निरीक्षक सोनू, खनन रक्षक शिव चरण के साथ गांव भरेड़ी खुर्द के साथ लगती नदी में रेते के अवैध खनन करते हुए एक ट्रैक्टर ट्रॉली को पकडक़र सीज की गई। जिला खनन अधिकारी गुरजीत सिंह ने कहा कि अवैध खनन को रोकने के लिए विभाग की टीम निरंतर निरीक्षण की कार्रवाई कर रही है। अवैध खनन तथा अवैध परिवहन में संलिप्त लोगों एवं वाहनों पर भी कार्रवाई हो रही है।

### योग साधना कार्यक्रम का आयोजन किया

**नारायणगढ़।** आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में भारतीय योग संस्थान द्वारा एक दिवसीय योग साधना प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भारतीय योग संस्थान के जोन प्रधान संजय धीमान ने योग के महत्व पर विस्तृत चर्चा की। धीमान ने बताया कैसे हम योग के द्वारा इस भागदौड़ की जिंदगी में संतुलन स्थापित कर सकते है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से विश्व में योग को अपनाया गया है।

### भविष्य के लिए जल संरक्षण जरूरी

**नारायणगढ़।** कार्यकारी अभियंता अनिल चौहान ने कहा कि भविष्य के लिए जल संरक्षण करना आज के समय की जरूरत है। उन्होंने कहा कि विश्व जल दिवस-2025 पर जल संरक्षणःसंकल्प भी, कर्तव्य भी समझे। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे कदम उठाकर पानी को व्यर्थ बहने से बचाएं। जल है तो कल है कि भावना के साथ पानी का सदपयोग करें। विश्व जल दिवस के उपलक्ष में ग्राम संगरानी में जल चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीण महिलाओं को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया तथा दूषित जल से होने वाली बीमारियों के बारे में भी अवगत कराया गया।

### शहजादपुर में विश्व जल दिवस मनाया

**शहजादपुर।** विश्व जल दिवस के अवसर पर हरियाणा तालाब एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण (एचपीडबल्यूडबल्यूएमए) ने जल संरक्षण और सतत तालाब प्रबंधन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हुए। गांव धमौली उपरली का एक दिवसीय क्षेत्रीय दौरा आयोजित किया। अध्यक्ष (पीएसी) के प्रधान सलाहकार प्रभाकर कुमार वर्मा के नेतृत्व में, एचपीडबल्यूडबल्यूएमए के पूरे स्टाफ ने स्थानीय ग्रामीणों के साथ एक संवादात्मक सर्वेक्षण में सक्रिय रूप से भाग लिया। टीम ने गांव के तालाब की स्थिति का आकलन करने के लिए स्थानीय लोगों के साथ बातचीत की।

## 13 महीने से बंद पड़े प्लाजा पर वाहन चालकों से फिर शुरू हुई शुल्क वसूली

# किसान आंदोलन की वजह से शंभू टोल प्लाजा पर 297 करोड़ का नुकसान, एनएचएआई ने किया आंकलन

हर रोज प्लाजा से मिलता है 74 लाख का राजस्व, सरकार को भेजी गई नुकसान की रिपोर्ट

- विभाग को हर दिन 74 लाख रुपये का नुकसान उठाना पड़ा



शंभू टोल प्लाजा का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

तेरह महीने बाद खुले शंभू बॉर्डर पर अब वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से सामान्य हो गई। किसान आंदोलन की वजह से बंद रहे शंभू टोल प्लाजा को भी करीब 300 करोड़ का नुकसान हुआ है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से हुए नुकसान का आंकलन किया गया है। इस नुकसान की भरपाई को लेकर अधिकारी अगली प्रक्रिया पर माथापच्ची कर रहे हैं। एनएचएआई के परियोजना अधिकारी गजेंद्र यादव ने बताया कि किसान आंदोलन की वजह से टोल प्लाजा पूरे 13 महीने बंद रहा। अभी तक उन्हें करीब 300 करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है। उन्होंने बताया कि टोल के बंद होने से हर दिन 74 लाख रुपये का नुकसान विभाग को उठाना पड़ा है। अब शुक्रवार से टोल को नए सिरे से शुरू कर दिया है। बाकायदा वाहनों से वसूली भी शुरू हो गई है। अब विभागीय अधिकारी किसान आंदोलन की वजह से हुए नुकसान की भरपाई को लेकर काम कर रहे हैं। किसान आंदोलन शंभू समेत कई टोल प्लाजा बंद थे। इसके कारण प्लाजा का संचालन करने वाली एजेंसियों को भारी भरकम नुकसान हुआ है। दरअसल शंभू टोल बंद होने से यहां लगातार नुकसान हो रहा था। कुछ महीने पहले विभाग क ओर से सरकार को एक लेटर भी जारी किया गया था। तब विभाग ने टोल बंद होने से उन्हें 150 करोड़ रुपये नुकसान होने की बात कही थी। हालांकि उस पत्र पर सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की थी। अब यह यह घाटा 297 करोड़ रुपये से भी अधिक हो गया है। हरियाणा-पंजाब सीमा पर मौजूद शंभू टोल से एनएचएआई को अच्छा राजस्व मिलता है। एक आंकलन के अनुसार दिनभर में 74 लाख रुपये की वसूली होती है। त्यौहारी सीजन व अन्य मौकों पर राजस्व में बढ़ौतरी हो जाती है। शंभू टोल को संभाल रही एजेंसी का एनएचएआई से जुलाई 2024 तक का करार था। अब एनएचएआई ने स्काईलार्क कंपनी को टोल संचालन की जिम्मेदारी दी है।

### कई रुटों पर बस सेवा शुरू

किसान आंदोलन की वजह से बंद पड़ी बस सेवा भी शुरू हो गई है। आंदोलन से पहले दोनों राज्यों में यात्रियों की सुविधा के लिए हरियाणा रोडवेज की ओर से एक दर्जन रुटों पर बस सेवा चल रही थी। आंदोलन की वजह से तेरह महीने से रोडवेज की ओर से रूट बंद कर दिए गए थे। शंभू बॉर्डर पर यातायात बहाल होते ही शनिवार से रोडवेज की ओर से कुछेक रुटों पर बस सेवा को फिर से शुरू कर दिया है। जल्द ही दूसरी रुटों पर भी बस सेवा शुरू करने की बात कही जा रही है। उधर पंजाब की ओर से भी हरियाणा के सभी रुटों पर बस सेवा बहाल करने का निर्णय लिया गया है। शनिवार को कुछेक पंजाब की बसें अंबाला की सड़कों पर दौड़ती दिखाई दी।



**नारायणगढ़।** रक्तदाताओं से बातचीत करते पूर्व विधायक पवन सैनी। फोटो : हरिभूमि

# शिविर में 102 युवाओं ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़

नेहरू युवा केंद्र अंबाला और जिला युवा शक्ति संगठन के संयुक्त तत्वावधान में राधाकृष्ण बाल आश्रम में शहीदी दिवस को समर्पित रक्तदान शिविर एवं चिकित्सा जांच केंद्र का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर व चिकित्सा जांच केंद्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी द्वारा किया गया। सैनी ने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि शहीदों की स्मृति में रक्तदान कैम्प जैसा पुण्य का कार्य करना एक सराहनीय कार्य है।

इस कैंप में एम केयर अस्पताल जीरकपुर की टीम ने रक्तदान शिविर मे 102 यूनिट रक्त एकत्रित किया। शिविर मे पिंकी लालपुर, सुनीता नेकनवां, परमजीत बड़ी रसौर सहित 10 अन्य महिलाओं ने रक्तदान किया। इस कार्यक्रम में जिला युवा शक्ति संगठन के अध्यक्ष बलजिंदर सिंह ने 39 वीं बार रक्तदान किया। संगठन के महासचिव सोहन लाल झीडीवाला ने विशेष योगदान दिया। शिविर में राकेश बिंदल, अधीक्षक राजिंदर सिंह रावत, भूपेंद्र सिंह कपूर, शुभम शर्मा, इंद्रजीत सिंह, मीनाक्षी सैनी, शीला, अरुण कुमार, जसविंद्र, महेश, राजेश, प्रवीण, किरण बाला, राकेश धीमान, मोहन सिंह दुधला, रिंकू भरेड़ी भी उपस्थित रहे।

# वार्षिक उत्सव में छात्रों ने जमकर मचाया धमाल

- पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल उगाला में आयोजित हुआ भव्य कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा



**बराड़ा।** कार्यक्रम में छात्रों के साथ मौजूद मुख्यअतिथि व शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उगाला में शनिवार को वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परियोजना संयोजक एवं जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने शिरकत की। खंड संसाधन संयोजक मोनिका और सहायक परियोजना संयोजक सूर्यकांत भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यालय में पहली बार आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खेलों में भाग लेते हुए बच्चे खासे उत्साहित नजर आए। मुख्य अतिथि सुधीर कालड़ा ने विद्यालय में नवनिर्मित संसाधन कक्ष का उद्घाटन भी किया। कार्यक्रम के अंत में शैक्षिक, सांस्कृतिक, गणित प्रतियोगिता, लीगल लिटरेसी, रोड सेफ्टी और खेलकूद में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट और शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड, सिल्वर और कांस्य मेडल से नवाजा गया। प्रधानाचार्य जगदीश मेहरा ने मुख्य अतिथि सुधीर कालड़ा और मोनिका को स्मृति चिह्न भेंट कर अभिनंदन किया।

### ब्रह्माकुमारी की ओर से आयोजित हुआ कार्यक्रम

# जो दुआएं कमाते हैं वह क्षमता से ज्यादा धन कमाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



**अंबाला।** समारोह में मौजूद बीके बहनें व लोग। फोटो : हरिभूमि

अंबाला छावनी के दयालबाग स्थित ब्रह्माकुमारीज़ शांतिधाम की ओर से शनिवार को पालम विहार में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शैली दीदी ने यहां अपने संबोधन में कहा कि हमें सदा अपने व्यवहारिक जीवन में दूसरों के प्रति दिल से धन्यवाद का भाव रखना है। शुक्रिया उनका जो हमें सम्मान देते हैं लेकिन जो हमसे सही व्यवहार नहीं करते- उनका भी बहुत-बहुत शुक्रिया। वो न होते तो हम झुकते नहीं हम झुकते नहीं तो हमारा अहंकार घटता नहीं। कोई हमारा अपमान करता है या हमारे साथ ग़लत व्यवहार करता है वो उनके संस्कार दर्शाता है, हमारे नहीं, वह इस समय बीमार है, दर्द में हैं। हम सारा जीवन धन कमाने की मेहनत करते हैं। धन हमें सामान देता है। अगर सामान के साथ, सम्मान भी कमाना है खुशी, सेहत और प्यारे रिश्ते भी बनाने हैं तो धन से ज़्यादा दुआएं कमानी होंगी। जो धन कमाते हैं वह जरूरी नहीं दुआएं कमाते हों। जो दुआएं कमाते हैं वह क्षमता से ज्यादा धन कमाएंगे।

### 85 सालों से सहमति से हो रहा चुनाव

# दोबारा होगा अंबाला सैनी सर्कल सभा का गठन, 6 को अहम बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



- प्रधान सतीश सैनी ने की समाज के लोगों से अपनी सहमति देने की अपील

अंबाला सैनी सर्कल सभा की जिला कार्यकारिणी का दोबारा गठन करने के लिए आगामी 6 अप्रैल को अंबाला शहर सैनी भवन में सैनी समाज की एक विशेष बैठक बुलाई गई। इस मौके पर सभा के प्रधान सतीश सैनी व सचिव सर्वजीत सैनी ने बताया कि वर्ष 1940 में अंबाला सैनी सर्कल सभा का गठन किया गया था। करीब 85 वर्षों में सैनी सभा की एक विशेषता यह भी रही है कि अब तक सभा की कार्यकारिणी का चयन करने के लिए कोई चुनाव नहीं किया गया। समाज के सभी लोगों की सहमति से ही कार्यकारिणी का चयन किया जाता है। इसी परंपरा को जारी रखते हुए इस बार भी आगामी 6 अप्रैल को सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी गठित की जाएगी। प्रधान सतीश सैनी ने कहा कि सैनी ने लोगों से अपील की कि 6 अप्रैल को अपनी सहमति प्रदान जरूर करें।

# एसडी चटर्जी फुटबॉल चौक निर्माण के लिए 12 लाख देने पर एसोसिएशनों ने जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



**अंबाला।** परिवहन मंत्री अनिल विज से मुलाकात करते एसोसिएशन के पदाधिकारी व फुटबॉल प्रेमी। फोटो : हरिभूमि

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज द्वारा वार हीरोज मेमोरियल स्टेडियम के समक्ष फुटबॉल के दादा कहे जाने वाले "एसडी चटर्जी फुटबॉल चौक" के लिए अपने स्वैच्छिक कोष से 12 लाख रुपये जारी करने पर एसडी चटर्जी के परिवार सदस्यों और फुटबॉल एसोसिएशनों ने आज उनका धन्यवाद जताया। अंबाला छावनी में फुटबाल को बढ़ावा देने के लिए एसोसिएशन सदस्यों ने नारे भी लगाए। शनिवार सुबह सदर बाजार में मंत्री अनिल विज के टी-प्वाइंट पर डिस्ट्रिक फुटबाल एसोसिएशन के पदाधिकारी संजीव वालिया, बीएस बिंद्रा, अरविंद शर्मा, रवि कुमार, इंद्रजीत सिंह वालिया, शेर सिंह व अन्य सदस्यों ने मंत्री को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका धन्यवाद जताया।

# बिश्नपुरा रेलवे स्टेशन पर सुविधाओं की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

जिला बार एसोसिएशन के सदस्य एडवोकेट घनश्याम गोयल ने बिश्नपुरा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए सुविधाओं की मांग करते हुए रेल मंत्री अश्विन वैष्णव को पत्र लिखा है। साथ ही डीसी मोहम्मद इमरान रजा को भी पत्र भेज कर अधिकारियों के संज्ञान में मामला लाया गया है।

एडवोकेट घनश्याम गोयल ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि बिश्नपुरा रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन सैकड़ों यात्री ट्रेन पकड़ते हैं। इनके लिए सुविधाएं नहीं हैं। यहां ऑटो व अन्य वाहनों की पहुंच सुगम होनी चाहिए। इससे आसपास के शहरी क्षेत्र से भी लोग मुख्य जंक्शन की बजाय यात्री बिश्नपुरा रेलवे स्टेशन से ही ट्रेन पकड़ सकते हैं। इससे रेलवे को भी लाभ होगा। स्टेशन रेलवे फाटक के पास सड़क बनी हुई है। यह उबड़ खबड़ है। इसको ठीक किया जाए। इससे यहां यात्री चल नही पाते हैं। यदि कोई यात्री को बाइक पर छोडऩे आता है तो यहां गिरने का डर रहता है। सड़क के साथ में गहरी खाई बनी हुई है। इससे अंधेरे में हादसा हो सकता है। सड़क के साथ ही कंटीली झाड़ियां भी उगी हुई हैं।

### मेयर शैलजा सचदेवा ने छात्रों को किया सम्मानित

# नन्हे विद्यार्थियों ने जमाया रंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



**अंबाला।** कार्यक्रम में प्रस्तुति देते नन्हे छात्र। फोटो : हरिभूमि

अंबाला शहर के एसए जैन विजय वल्लभ पब्लिक स्कूल में शनिवार को किंडरगार्टन के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों के लिए ग्रेजुएशन सेरेमनी का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय की प्रबंधक समिति के प्रधान संदीप जैन , उपाध्यक्ष पुनीत जैन , मैनेजर आशीष जैन, सेक्रेटरी रविकांत जैन , अंशुल जैन, हितेश जैन और पीयूष जैन शामिल हुए। इस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर मेयर शैलजा सचदेवा ने शिरकत की। विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा उनका पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान किया। विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा संदीप सचदेवा का भी गरिमामय स्वागत किया गया। उन्हें सम्मान स्वरूप माला पहनाई गई और पारंपरिक पगड़ी अर्पित की गई। इसी के साथ, हमारे बीच उपस्थित सम्माननीय अतिथि पारुल सभरवाल, रजनीश गुप्ता, मोहित आहलूवालिया, पवन चुग और डॉक्टर राजेश लूथरा का भी हार्दिक स्वागत एवं आभार व्यक्त किया गया। विद्यालय के नन्हे विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। छोटे छोटे बच्चों ने आयो रे शुभ दिन आयो पर अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान एक प्रस्तुति के माध्यम से अभिभावकों को संदेश दिया कि वे अपने बच्चों के साथ अधिक समय व्यतीत करें।

### जीएमएन कॉलेज में विश्व जल दिवस समारोह मनाया

# पानी के महत्व व सरंक्षण को लेकर छात्रों को किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



**अंबाला।** जल दिवस पर पानी की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए राहुल कुमार व अन्य।

अंबाला छावनी के जीएमएन कॉलेज में एसडीजी और इको क्लब ने विश्व जल दिवस समारोह मनाया। इसमें एनागिक कैंगन वॉटर वितरक राहुल कुमार का सहयोग था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जल संरक्षण के महत्व और स्वस्थ पेय पद्धतियों को बढ़ावा देने के बारे में जागरूकता फैलाना था। समारोह में दीपक सैनी ने कैंगन जल के महत्व पर प्रकाश डाला, जो एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है और इसके कई स्वास्थ्य लाभ हैं। यह शरीर में एसिडिटी को न्यूट्रलाइज़ करने में मदद करता है, पाचन में सुधार करता है। कॉलेज के छात्र और संकाय सदस्यों ने जागरूकता अभियान में भाग लिया।

### विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर किया प्रोत्साहित

**जींद।** मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल के परिसर में शनिवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम दिवस समारोह का आयोजन किया गया। सभी विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ अपनी परीक्षा परिणाम जानने के लिए स्कूल पहुंचे। कार्यक्रम में जिला बाल कल्याण अधिकारी मलकित चहल ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यार्थियों के नृत्य संगीत, नाटक, स्वागत भाषण सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मुख्यअतिथि ने सभी विद्यार्थियों को शुभ कामनाएं देते हुए उनके अच्छे प्रदर्शन की सराहना की और उनसे उनके जीवन के लक्ष्य के विषय में वार्तालाप की।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

**आस्था** भव्य तरीके से सजाया गया मंदिर, दंगल में पहलवान भी दिखाएंगे दम

### मेले की सभी तैयारियां पूरी, कमेटी की ओर से मंदिर पर भव्य सजावट की गई

# मुलाना के भगवती माता बाला सुंदरी मंदिर में पावन नवरात्रों पर 30 से शुरू होगा मेला

हरभूमि न्यूज ⏭ मुलाना



**मुलाना।** माता का पिंडी स्वरूप व मंदिर कमेटी के पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

हर साल चैत्र शुक्ल पक्ष में मां भगवती के पावन नवरात्रों पर लगने वाला प्रसिद्ध मेला मां भगवती माता बाला सुंदरी मंदिर के प्रांगण में प्रथम पावन नवरात्रि 30 मार्च से आरंभ होगा । इसके लिए मंदिर कमेटी ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं । मंदिर पर भव्य सजावट की गई है। इस मंदिर की मान्यता केवल कस्बे में ही नहीं बल्कि दूर दराज के राज्यों तक हैं । मंदिर कमेटी के सचिव अशोक राणा ने बताया कि वर्ष में दोनों नवरात्रों पर मंदिर में भव्य मेले का आयोजन किया जाता हैं। हजारों की संख्या में श्रद्धालु पंहुचकर माता बाला सुंदरी के समक्ष शिश नवाकर अपनी मन मांगी मुराद पूरी करते हैं। उन्होंने बताया कि इस बार पावन नवरात्र मेला 30 मार्च से आरंभ होकर 12 अप्रैल हनुमान जयंती तक जारी रहेगा । इस दौरान 4 अप्रैल को सप्तमी वाले दिन मंदिर प्रांगण में हर साल की तरह हवन यज्ञ होगा । 5 अप्रैल को रामायण पाठ का शुभारंभ होगा। 6 अप्रैल को राम नवमी के पावन अवसर पर रामायण पाठ संपन्न होगा। मां भगवती के जागरण का आयोजन 10 अप्रैल को किया जाएगा। इसमें उत्तर भारत की प्रसिद्ध भजन गायिका प्रियंका चौधरी भजनों से मंत्रमुग्ध करेंगी । 11 अप्रैल को कुश्तियों का आयोजन होगा। शसभी सुविधाओं का इंतजाम किया गया है ।

### वर्षों पुराना मंदिर का इतिहास

राजस्थानी भाटों के अनुसार माता बाला सुंदरी मंदिर मुलाना में सन1426 में माता की पिंडी स्थापित की गई थी । माता ने 1425 में यहां के सोराज सिंह को सपने में कन्या रूप में दर्शन देकर मंदिर बनाने को कहा था । सोराज सिंह ने 1426 में माता बाला सुंदरी की पिंडी को मंदिर बनाकर स्थापित किया ।